तारीख हुक्म	हुक्म मय कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **प्रकरण संख्या :– 57/2021** **प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136**	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
22/3/22	पत्रावली पेश हुई। पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकार्ड एवं रिपोर्ट तहसीलदार झुन्झुनूं का ध्यान पूर्वक अवलोकन किया गया। तहसीलदार झुन्झुनूं ने अपनी रिपोर्ट में अंकित किया है कि ग्राम वृंदावन की भूमि खसरा नम्बर 255/299, 255/300 व 254 की दक्षिण सीमा के साथ साथ डोटेड लाईन दर्ज है जो कि गत खसरा नम्बर 579 में दर्ज नहीं है। पत्रावली का अवलोकन किया गया। आवेदक द्वारा खसरा नम्बर 254 में स्थित डोटेड लाईन को हटाने हेतु निवेदन किया है। उक्त डोटेड लाईन खसरा नम्बर 255/300, 255/299 में भी दर्ज है। उक्त डोटेड लाईन तीनों खसरा नम्बरान में है जबकि आवेदक खसरा नम्बर 254 से ही उक्त डोटेड लाईन को हटाना चाहता है। भू प्रबन्ध विभाग द्वारा सेटलमेन्ट के दौरान मौसमी रास्तों को डोटेड लाईन से दर्ज किया जाता रहा है। मौके पर उक्त खसरा नम्बरों में वादी एवं तहसीलदार ने रास्ते के सम्बन्ध में कोई उल्लेख नहीं किया है। मौके पर मौसमी रास्ता हो सकता है अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल आर एक्ट में कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं होने के कारण खारिज किया जाता है। पत्रावली फैशल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो एवं जाप्ता दाखिल दफ्तर हो। उप खण्ड अधिकारी झुन्झुनू (राज.)	